# भूमि पूजन समारोह के लिए 6.64 लाख करोड़ के 8070 प्रोजेक्ट तैयार

**अमर उजाला ब्यूरो**



## पूजन की तैयारी में शिक्षा, ऊर्जा, गन्ना और नागरिक उड्डयन विभाग अव्वल

## आबकारी, आवास एवं शहरी नियोजन, परिवहन सहित 15 विभाग फिसड्डी

**लखनऊ।** वैश्विक निवेशक सम्मेलन-2023 के पहले भूमि पूजन के लिए 6,64,968 करोड़ रुपये के 8070 निवेश करार धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं। भूमि पूजन की तैयारी में प्राथमिक शिक्षा, ऊर्जा, गन्ना और नागरिक उड्डयन विभाग शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर अव्वल हैं। वहीं आबकारी, आवास एवं शहरी नियोजन, परिवहन, दुग्धशाला विकास और खाद्य सुरक्षा सहित 15 विभाग 50 फीसदी से कम प्रगति के साथ फिसड्डी है। इसका खुलासा मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र के स्तर पर की गई भूमि पूजन की तैयारी की समीक्षा में हुआ है।

प्रदेश में 24 अक्तूबर 2023 तक 38.55 लाख करोड़ रुपये निवेश के लिए 26,083 करार हुए हैं। इनमें से 9.23 लाख करोड़ के 7887 एमओयू को पहले भूमि पूजन के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया। इनमें उच्च शिक्षा, खनन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण सहित 17 विभागों ने भूमि पूजन के 50 से 83 प्रतिशत तक लक्ष्य हासिल किया है।

**निवेशक नहीं ले रहे हैं रुचि :** समीक्षा में सामने आया कि कई निवेशक ऐसे हैं जो एमओयू को जारी रखने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। निवेशकों को फंडिंग की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विभागों ने लक्ष्यों को समायोजित करने का आग्रह किया है। 50 फीसदी से कम प्रगति वाले विभागों ने उन्हें आवंटित लक्ष्य को अधिक बताते हुए इसे कम करने का आग्रह किया है।

### लक्ष्य कम नहीं होगा

मुख्य सचिव ने भूमि पूजन के लिए विभागों को आवंटित लक्ष्य को कम करने को औचित्यहीन माना है। उन्होंने विभागों के आला अधिकारियों को रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।